

बड़े पदचिन्ह, छोटे पदचिन्ह

फ्रैंकलिन एम. ब्रैनली, चित्र: लियोनार्ड केसलर

इस मनोरंजक पुस्तक में लेखक ने बच्चों के आश्चर्य को दर्शाया है, जब वह अपने चारों ओर बिल्लियों और कुत्तों के पदचिन्हों को देखते हैं; पक्षियों के पंजों की अस्पष्ट खरोंचें; पैरों के निशान जो हम बाथरूम के फर्श पर पहले बाएं पैर से और फिर दाएं पैर से खुद बनाते हैं.

लेखक बहुत आगे जाते हैं - वो पाठक को अनुमान लगाने वाले एक खेल में शामिल करते हैं - जानवरों द्वारा बनाए गए पदचिन्हों द्वारा घटी घटनाओं का रिकॉर्ड दिखाने के लिए: "क्या आप जानते हैं कि वो पदचिन्ह किसने बनाया है?"

डॉ. ब्रैनली के स्पष्ट शब्दों को लियोनार्ड केसलर ने सुन्दर चित्रों में उकेरा है. नन्हें पाठक उनको बारीकी से समझने में सक्षम होंगे और कुत्तों और बिल्लियों, सांपों और कीड़ों, पुरुषों और महिलाओं, लड़कों और लड़कियों और यहां तक कि पक्षियों और चींटियों के पंजों के निशानों के बीच अंतर करना सीखेंगे.

बड़े पदचिन्ह, छोटे पदचिन्ह



फ्रैंकलिन एम. ब्रैनली

चित्र: लियोनार्ड केसलर




बड़े पदचिन्ह,
छोटे पदचिन्ह



फ्रैंकलिन एम. ब्रैनली

चित्र: लियोनार्ड केसलर






यहाँ कौन आया था?

ये पदचिन्ह किसने बनाए?

क्या वो कुत्ता था?

क्या वो बिल्ली थी?

या फिर वो कोई लड़का या कोई लड़की थी?




वो ज़रूर कोई लड़का या लड़की रहा होगा.

उस लड़के या लड़की ने जूते नहीं पहने होंगे.

आप अपने पदचिन्ह खुद बना सकते हैं.


जब आप नहाएँ, तो आप अपने गीले पैरों को

एक अखबार के कागज़ पर रखें.



कागज़ पर कदम रखें. कागज़ पर फिसलें नहीं.

फिर आप अपने पैरों के निशान देख पाएंगे.



वे इस तरह दिखेंगे.



यहाँ कुछ अन्य पदचिन्ह हैं.

ये एक जानवर ने बनाए हैं.

क्या आप जानते हैं कि वो किस जानवर ने बनाए होंगे?

उन्हें किसने बनाया होगा?

एक कुत्ते ने.

एक छोटे कुत्ते ने वे पदचिन्ह बनाए हैं.





यहाँ कुछ और पदचिन्ह हैं.

वे भी एक छोटे कुत्ते के पैरों के निशान जैसे ही हैं, लेकिन वे बड़े हैं.

वे एक बड़े कुत्ते के पैरों के निशान हैं.



बड़ा कुत्ता एक छोटे कुत्ते के पीछे दौड़ता है.



उनके द्वारा बनाए गए पैरों के निशान इस तरह दिखेंगे.

यहाँ कुछ और पैरों के निशान हैं.

उन्हें एक छोटे कुत्ते ने नहीं बनाया है.

उन्हें एक बड़े कुत्ते ने भी नहीं बनाया है.





उन्हें किस जानवर ने बनाया होगा?


क्या आप अंदाज़ा लगा सकते हैं?

उन्हें बनाया है एक..


.. खरगोश ने



बर्फ में खरगोश के पदचिन्ह इस तरह दिखते हैं.



रेगिस्तान में खरगोश के पदचिन्ह इस तरह दिखते हैं.




यहाँ कुछ और भी पैरों के निशान हैं.
वे खरगोश के पदचिन्ह नहीं हैं.
उन्हें भी किस जानवर ने ही बनाया है?
क्या आप अंदाज़ा लगा सकते हैं
कि उन्हें किसने बनाया होगा?

एक बिल्ली ने.

बिल्ली कूदती है और चढ़ती है.

बिल्ली चीज़ों के ऊपर चलती है.

बिल्ली के पदचिन्ह इस तरह दिखते हैं.





बड़ा कुत्ता,छोटे कुत्ते के पीछे भागता है.

छोटा कुत्ता, बिल्ली के पीछे भागता है.

बिल्ली, खरगोश के पीछे भागती है.


अंत में खरगोश भाग जाता है.

बड़े कुत्ते, छोटे कुत्ते, बिल्ली और खरगोश

के पदचिन्ह इस तरह दिखते हैं.

चलो हम पदचिह्नों की तलाश करते हैं.

कुछ पदचिन्ह आसानी से मिल जाते हैं.



बिना जूतों वाले आदमी,

जूते पहने आदमी,

जूते पहनी महिला,

बिना जूतों वाली महिला,

जूते पहने बच्चे,

बिना जूतों वाले बच्चे,

बड़े कुत्ते,

छोटे कुत्ते,

बिल्ली,

खरगोश,

क्या आपने कभी पक्षियों के पदचिन्ह देखे हैं?

यहाँ अभी एक रॉबिन आई थी.




यहाँ अभी एक बत्तख आई थी.



यहाँ अभी एक मुर्गी आई थी.



इस तरह के पदचिन्ह आसानी से मिल जाते हैं.



कुछ पदचिन्ह खोजना मुश्किल होता है.

क्या यह किसी जानवर के पदचिन्ह जैसे दिखते हैं?

हां.

उन्हें किसने बनाया होगा..

.. एक कीड़े ने.




यह पदचिन्ह एक साँप ने बनाया था.

क्या आपने कभी इस तरह के पदचिन्ह देखे हैं?

ये बिलकुल भी पदचिन्ह जैसे नहीं दिखते, लेकिन असल में ये पदचिन्ह हैं.


ये पदचिन्ह बड़ी-बड़ी चींटियों ने बनाए हैं.

हम छोटी चींटियों द्वारा बनाए गए पदचिन्ह नहीं देख पाते हैं.



यहाँ कुछ जानवरों द्वारा बनाए गए पदचिन्ह हैं.

क्या आप इन्हें बनाने वाले जानवरों को पहचान सकते हैं?







आपको यहाँ पर एक बड़े कुत्ते, एक छोटे कुत्ते, खरगोश, एक बिल्ली, एक मुर्गी, एक रॉबिन, एक बत्तख, एक कीड़े, साँप, एक चींटी और आपके द्वारा बनाए गए पदचिन्ह मिलेंगे!

यहाँ पर वे जानवर और उनके द्वारा बनाए गए पदचिन्ह हैं.




देखें कि आप कौन से जानवरों के पदचिन्ह खोज सकते हैं.

आप गीली रेत, बर्फ, नरम मिट्टी में पदचिन्ह आसानी से देख सकते हैं.

कभी-कभी आप चट्टानों पर पदचिन्हों के गीले निशान देख सकते हैं.

आप चट्टानों पर सूखे निशान नहीं देख पाएंगे.





जानवरों के पैरों के निशानों से हम पता लगा सकते हैं

क्या वो जानवर बड़ा था या छोटा,

क्या वो जानवर चल रहा था या दौड़ रहा था,


क्या वो जानवर किसी दूसरे जानवर के पीछे भाग रहा था.

हम पदचिन्ह देखकर कई बातें पता लगा सकते हैं.

आप जानवरों के निशान क्यों नहीं खोजते?

आप ज़रूर कुछ जानवरों के पदचिन्हों को पहचान पाएंगे?





लेखक के बारे में

डॉ. फ्रैंकलिन एम. ब्रैनली सभी उम्र के युवाओं के लिए उत्कृष्ट विज्ञान पुस्तकों के लेखक के रूप में जाने जाते हैं. डॉ. ब्रैनली न्यूयॉर्क शहर में द अमेरिकन म्यूजियम - हेडन प्लैनेटोरियम के चेयरमैन और खगोलशास्त्री हैं. वह तारामंडल की शैक्षिक सेवाओं के निदेशक हैं, जहां सभी उम्र के लोग खगोल विज्ञान, नेविगेशन और मौसम विज्ञान में लोकप्रिय पाठ्यक्रम सीखने आते हैं. उन्हें खगोल विज्ञान के सभी चरणों और राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में रुचि है, और वह इन विषयों में युवाओं, वयस्कों और शिक्षकों को गाइड करते हैं. डॉ. ब्रैनली ने न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय, कोलंबिया विश्वविद्यालय और न्यू पाल्ट्ज़ में न्यूयॉर्क स्टेट यूनिवर्सिटी कॉलेज में पढ़ाई की है. वह अपने परिवार के साथ न्यू जर्सी के वुडक्लिफ लेक में रहते हैं.

कलाकार के बारे में

लियोनार्ड केसलर बच्चों की किताबों के लेखक और चित्रकार होने के साथ-साथ एक डिजाइनर और व्यावसायिक कलाकार भी हैं. उनकी पत्नी, एथेल, बच्चों की किताबों की लेखिका हैं. केसलर दंपति अपने दो छोटे बच्चों के साथ न्यू सिटी, न्यूयॉर्क में रहते हैं.मिस्टर केसलर का जन्म एक्रोन, ओहियो में हुआ था, लेकिन जब वह काफी छोटे थे तो अपने परिवार के साथ पूर्व में पिट्सबर्ग चले गए. उनके पास पिट्सबर्ग में कार्नेगी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से ललित कला, पेंटिंग और डिजाइन में डिग्री है.

